







# भाजपा संगठन देगा करारा जवाब : अलका गुर्जर





नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 8 जनवरी, विधायक कार्यालय रामपुर बाघेलान में भारतीय जनता पार्टी, जिला सतना की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश एस आई आर प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई।**

बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. अलका गुर्जर ने विपक्ष पर सीधा राजनीतिक प्रहार करते हुए कहा कि स्ढ्डक्रअभियान की सफलता से विपक्ष पूरी तरह घबराया हुआ है और अब वह अफवाह, भ्रम और झूठ फैलाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा का उद्देश्य हर पात्र मतदाता को उसका अधिकार दिलाना है, जबकि विपक्ष अपनी राजनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए मतदाता सूची पर सवाल खड़े कर रहा है। डॉ. गुर्जर ने कहा कि स्ढ्डक्र का द्वितीय चरण भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक शक्ति की असली परीक्षा है और इसमें पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरकर विपक्ष की हर साजशि को नाकाम किया जाएगा। बैठक में उपस्थित विधायक विक्रम सिंह 'विक्की भैया' की संगठनात्मक भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विक्की भैया जैसे जमीनी, कर्मठ और संघर्षशील नेतृत्व के कारण रामपुर बाघेलान भाजपा का मजबूत गढ़ बना हुआ है। यही कारण है कि विपक्ष यहां संगठन के नाम से ही घबराता है। विधायक विक्रम सिंह 'विक्की भैया' ने अपने संबोधन में कहा कि विपक्ष को जनता पर भरोसा नहीं है, इसलिए वह भ्रम और दुष्प्रचार का सहारा ले रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क कर एक भी भाजपा समर्थक मतदाता को छूटने न दें और SIR अभियान को ऐतिहासिक सफलता दिलाएं।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से विजय दुबे (संभाग प्रभारी), गणेश सिंह (सांसद, सतना), राजेश पाण्डेय (जिला प्रभारी), श्रीमती सुष्मिता सिंह (जिला पंचायत उपाध्यक्ष), श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी (प्रदेश महामंत्री, महिला मोर्चा), जिला महामंत्री रमाकांत गौतम, बाबूलाल सिंह (जिला उपाध्यक्ष), विजय तिवारी (जिला उपाध्यक्ष), मुरारी सोनी (जिला उपाध्यक्ष), रावेंद्र सिंह 'छोटू' (जनपद अध्यक्ष, रामपुर बाघेलान), शुभम तिवारी (जिला मंत्री), दीपनारायण सिंह (जिला मंत्री), शिवांक त्रिपाठी (जिला संयोजक, आईटी सेल), मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, मृगेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामकृष्ण तिवारी, पुष्पराज कुशवाहा (जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा) सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कोटर के बिहरा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

- राजा परीक्षित के प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए भक्त

नवभारत न्यूज

**कोटर 8 जनवरी, श्री रोहणीश्वर प्रपन्नाचार्य जी महाराज पुरानी लंका चित्रकूट धाम की कृपा से कोटर क्षेत्र के बिहरा क्रमांक 1 में स्वर्गीय गिरीश कुमार त्रिपाठी शास्त्री के वार्षिक श्राद्ध के उपलक्ष्य में 7 जनवरी 2026 बुधवार से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन गुरुवार को चित्रकूट धाम से पधारे कथावाचक आचार्य विष्णु महाराज ने भागवत महात्म, राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया।**

कथावाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गये, उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा, ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके, परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है, उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया, यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी, ऋषि के पुत्र ने श्राफ दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आयेगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा, समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं। और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे, वहां बड़े बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये, कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कथा सुनने पहुंचे। इस दौरान हरिशंकर शुक्ला बसंत पाण्डेय रोहित गौतम संगीत में कमलेश पाण्डेय अनुज शुक्ला सनत कुमार त्रिपाठी काशी प्रसाद त्रिपाठी भागवत प्रसाद त्रिपाठी सुनील कुमार त्रिपाठी अजय त्रिपाठी मंटू त्रिपाठी रत्नेश कुमार त्रिपाठी बारून्रेश त्रिपाठी रामसुंदर तिवारी शास्त्री जी रामरतेश मिश्रा एडवोकेट महेश गुप्ता सुरेश गुप्ता रामकृष्ण तिवारी मंडल अध्यक्ष कोटर शैलेन्द्र सिंह विनोद तिवारी वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र पांडे संजय तिवारी दीपक शर्मा वन इंडिया राकेश पयासी अनादि टीवी प्रकाश नारायण पाण्डेय जगदंबा पाण्डेय कृष्णकुमार अग्निहोत्री संगठन मंत्री रणजीत सिंह छत्रपाल सिंह सत्यम सिंह अरुणेंद्र शेखर शर्मा नंदू शुक्ला जलज गौतम गोलू छोटू अनूप पाण्डेय सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# एसडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ अनशन

नवभारत न्यूज

**नागौद 8 जनवरी, नगर परिषद नागौद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 में पेयजल आपूर्ति का समय परिवर्तन, सड़क और नाली निर्माण की मांग को लेकर पूर्व पार्षद मोहम्मद सोहराब की अगुवाई में वार्ड वासियों ने नगर परिषद कार्यालय का गुरुवार को धरना, प्रदर्शन और घेराव किया।**

वार्ड वासियों की मांग है कि जो जल आपूर्ति रात 11बजे होती है वह दिन में की जाए क्योंकि ठंड कड़ाके की पड़ रही है ऐसी स्थिति में रात में पानी भरना चुनौती पूर्ण है और सड़क और नाली निर्माण के लिए के लिए राशि मंजूर होने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं कराया जा रहा। उसे तत्काल शुरू कराया जाए। धरने की सूचना पर एसडीएम जितेंद्र कुमार वर्मा मौके में पहुंचकर अनशनकारियों को आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

# शासकीय कन्या शाला मेहुती में जल चौपाल का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 8 जनवरी, जल संरक्षण एवं जल के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेक्टर क्रमांक 5 जैतवारा में नवांकुर संस्था शिवा ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा शासकीय कन्या शाला मेहुती में जल चौपाल का आयोजन किया गया।**





कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीण समुदाय को जल संरक्षण, जल संचय एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत जल को जीवन का आधार बताते हुए प्रेरक संदेश के साथ की गई। जल चौपाल के माध्यम से बताया गया कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है और यदि अभी से जल संरक्षण की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों की स्वच्छता, भू-जल स्तर बढ़ाने के उपाय, पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण तथा दैनिक जीवन में जल की बचत जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को सरल उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया गया कि वे अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण में जल संरक्षण के लिए किस प्रकार छोटी-छोटी पहल कर सकती हैं। जल चौपाल के दौरान छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और जल संरक्षण से जुड़े अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि बालिकाएँ समाज में परिवर्तन की सशक्त वाहक हैं और उनके माध्यम से जल संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। शिक्षकों ने भी जल संरक्षण को विद्यालयी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया कि वे जल की एक-एक बूंद का सदुपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।नवांकुर संस्था शिवा ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा आयोजित यह जल चौपाल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई, जिससे छात्राओं एवं समुदाय में जल के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के प्रभारी बृजेंद्र सिंह, परामर्शदाता शिखा सिंह, समर बहादुर सिंह, भीष्म प्रसाद त्रिपाठी, राजा भैया, विनीता, सुधांशु आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# फिर से चिकित्सक विहीन हुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुंदपुर

- क्षेत्रीय संचालक पर भारी पड़े बीएमओ
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारों ओर से शराबियों से घिरा





नवभारत न्यूज

**मुकुंदपुर 8 जनवरी, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुंदपुर कहने सुनने को तो तीस बिस्तरों वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना हुआ।**

लेकिन यहां पर चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी पर्याप्त न होने से उक्त स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर नहीं मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर उक्त केंद्र के इर्द-गिर्द शराबियों का जमघट लगा रहता है जो केंद्र में कभी भी किसी भी समय आतंक मचा देते हैं और यहां तक की चिकित्सकों को अपमानित करने में भी नहीं हिचकिचाते। विगत दिनों ऐसा ही एक शराबी के द्वारा उतपात मचा दिया गया और वह उतपाती भाजपा का सीनियर कार्यकर्ता बताया जा रहा है जिससे क्षुब्ध होकर दो बंधपत्र चिकित्सक डॉ.ऋषभ तिवारी और डॉ. रितिका शर्मा ने भी दिया त्यागपत्र। इस तरह अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुंदपुर में केवल संस्था प्रभारी बस बचे हैं जिससे मुकुंदपुर क्षेत्र की जनता को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं लम्बे समय पहले एक फार्मासिस्ट और एक लैब टेक्नीशियन का क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक रीवा द्वारा तत्काल आदेश कर स्थानांतरण उक्त केंद्र में पदेन हेतु किया गया। किन्तु सीएम ओ अमरपाटन सम्भागीय अधिकारी से सबल निकल गये क्योंकि पदेन जगहों से मुक्त ही नहीं किये जिस कारण से उक्त केंद्र में आज तक फार्मासिस्ट अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई।अब सोचिए बीएमओ अमरपाटन तो सम्भागीय अधिकारी क्षेत्रीय संचालक रीवा से भारी पड़े।इस तरह से मुकुंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य व्यवस्था से नदारद होता जा रहा।

# बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना किसी तीर्थ यात्रा से कम नहीं : विक्रम सिंह

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 8 जनवरी, रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत असरार निवासी शिववन तिवारी के 102 वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया ने ग्राम असरार पहुंचकर के श्री तिवारी का सम्मान किया।**



असरार निवासी शिववन तिवारी के 102 वर्ष पूर्ण होने पर उनके उत्तम स्वास्थ्य जीवन की मंगल कामना करते हुए विधायक जी ने उनके निज निवास पहुंच कर, साल एवं श्रीफल से माल्यार्पण कर सम्मान किया साथ ही श्री सिंह ने कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए यह बड़े गौरव का विषय है कि हमारे बीच में एक ऐसे सम्मान पुरुष हैं जो अपने जीवन के 100 वर्ष पूरे कर चुके हैं, उनके उज्जवल भविष्य के लिए मैं तहे दिल से सम्मान करता हूं। श्री सिंह ने कहा कि किसी बड़े बुजुर्ग का सम्मान करना, किसी तीर्थ यात्रा से कम नहीं होता, बुजुर्गों का सम्मान करना ही हर व्यक्ति को एक अच्छा मार्ग एवं सही रास्ता दिखा सकता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार, विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी, रामायण द्विवेदी, ब्रजकिशोर त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, अजय पांडे, मुन्नीलाल द्विवेदी, राम दर्शन तिवारी, बब्बू शर्मा, राजभान सिंह, गोकर्ण द्विवेदी, नरेंद्र त्रिपाठी, राजा तिवारी, ओमप्रकाश पांडे, सोनू आदिवासी, मोहन साहू, शिवमोहन सिंह लाला, सुनील सिंह सहित काफी तादाद में ग्रामीण जनों की थी मौजूदगी।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में युवा दिवस कार्यक्रम 12 जनवरी को

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट,8 जनवरी। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी 2026 को युवा दिवस कार्यक्रम संपन्न होगा।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के निर्देश के अनुक्रम में विश्वविद्यालय कैंपस में युवा दिवस पर व्याख्यान और निबंध प्रतियोगिताओ सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी द्वारा जारी सूचना के अनुसार डॉ रवि कांत श्रीवास्तव को अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय का, डॉ श्याम सिंह गौर को कला संकाय का, डॉ शिव शंकर सिंह को कृषि संकाय का, प्रो चंद्र प्रकाश गुजर को ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय का और प्रो साधना चौरसिया को विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय का कार्यक्रम संयोजक नामित किया गया है।

**सरस्वती पूजन कार्यक्रम 23 जनवरी को-** ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर विद्या दायिनी मां सरस्वती का पूजन कार्यक्रम विवेकानंद सभागार में आयोजित होगा। उप कुलसचिव अकादमी प्रो साधना चौरसिया को कार्यक्रम संयोजक नामित किया गया है।

**गणतंत्र दिवस पर्व 26 जनवरी को-** 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में पूरे हर्ष और उल्लास के साथ परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। रजत जयंती भवन में कुलगुरु प्रो आलोक चौबे झंडा फहराएंगे। इस अवसर पर उनका मार्गदर्शक उद्बोधन भी होगा। अधिष्ठाता कला संकाय को इस कार्यक्रम का संयोजक नामित किया गया है।

**बापू की पुण्य तिथि 30 जनवरी को-** ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम 30 जनवरी को होगा। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो आलोक चौबे के नेतृत्व में ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। अधिष्ठाता कला संकाय को इस कार्यक्रम का संयोजक नामित किया गया है।

# कोहरा और गलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवभारत न्यूज

**कोठी 8 जनवरी, कोहरा तथा गलन भरी ठंड सितम ढा रही है जिसकी वजह से लोगों को दिन में ही अलाव जलाना पड़ रहा है।**



ठंडी इस समय पूरे शबाब पर है सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा होने की वजह से जहां एक और सूर्य देव के दर्शन नहीं हो रहे वहीं गलन भरी हवा चलने से लोगों को दिन भर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ता हैं। इसी के चलते प्रशासन ने नर्सरी से 5 वीं तक के बच्चों का अवकाश घोषित कर दिया गया है। कोठी नगर परिषद में ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई है परंतु वह शाम के समय लोगों को मिल पाती है शाम को नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा नगर के चिन्हित स्थानों पर जाकर लकड़ी वितरित की जाती है जहां पर लोगों को राहत मिलती है परंतु दिन में लोग जुगाड़ लगा कर अपना काम करते हैं नगर के लोगों ने कहा कि इस समय ठंड ज्यादा पड़ रही है नगर परिषद को और अधिक व्यवस्था बनाना चाहिए जिससे नगर की जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके क्योंकि अभी भी बहुत से ऐसे असहाय जरूरतमंद लोग हैं जो सक्षम नहीं है उनको बचाने के लिए नगर परिषद को एक और कदम उठाना चाहिए।



## मनाया गया तिलवा चौथ

**अमदरा 8 जनवरी,** टोल प्लाजा खेरवा सानी के पास द सेवेंश लेन रेस्टोरेंट में नए वर्ष का प्रथम त्यौहार तिलवा चौथ बड़ी ही श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंगलवार को विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा तिल के लड्डू का वितरण किया गया, वहीं इस उपस्थित जनों ने देश के खुशहाली की प्रार्थना की।

# मैहर जिले में आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण

- स्काई ब्लू सर्विस पर गंभीर आरोप, जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**रामनगर 8 जनवरी, मैहर जिले में आउटसोर्स व्यवस्था के तहत कार्यरत कर्मचारियों के शोषण का मामला सामने आया है। स्काई ब्लू आउटसोर्स सर्विस द्वारा भर्ती किए गए कर्मचारियों के मानदेय में भारी कटौती किए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं।**

सूत्रों के अनुसार आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्त कुशल, अर्द्धकुशल, उच्च कुशल और अकुशल श्रमिकों को प्रतिमाह मात्र 5 हजार से 5200 रुपए का भुगतान संबंधित ठेकेदार पंकज मिश्रा किया जाता है, जबकि शासन के निर्देशानुसार प्रति कर्मचारी लगभग 16 हजार 500 रुपए का भुगतान शासन की ओर से संबंधित ठेकेदार पंकज मिश्रा को किया जाता है। कर्मचारियों का आरोप है कि शासन से मिलने वाली निर्धारित राशि का बड़ा हिस्सा ठेकेदार द्वारा रोक लिया जा रहा है, जिससे उन्हें न्यूनतम वेतन से भी कम राशि में काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि इतनी कम आय में परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है। मामले को लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस पूरे मामले में स्काई ब्लू आउटसोर्स सर्विस और ठेकेदार पंकज मिश्रा की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल इस मामले में जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह शासन के निर्देशों और श्रम कानूनों की खुली अवहेलना है।

# अस्पताल के सामने सड़क पर अतिक्रमण और गंदगी से लोग परेशान

नवभारत न्यूज

**कोठी 8 जनवरी, बस स्टैंड परिसर कोठी से पोस्ट ऑफिस तक बनी टू लाइन सड़क का अतिक्रमण बहुत ही मुश्किल से हट पाया है और टू लाइन सड़क खाली हो पाने से आवागमन सुचारू हो पाया.**





परन्तु परंतु अब कोठी सीएमओ के इस प्रयास को अकेला बसंत चाय वाला धता दिखा रहा है कोठी हॉस्पिटल के सामने बीच सड़क पर सुबह 5 बजे से 10 बजे तक चाय की दुकान लगाकर आवागमन भी प्रभावित करता है साथ ही गंदगी फैलाता है इससे लोगों को परेशानी होती है। नगर के जिम्मेदार व्यक्तियों के मना करने के बाद भी मानता नहीं है और मनमानी पर उतारू है जिससे हालत यह है कि सड़क का आवागमन तो बाधित होता ही है साथ-साथ बीच सड़क पर लोगों की भीड़ भी जमा होती है जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वाहन आने जाने पर काफी परेशानी होती है कोहरा भी रहता है जिससे दुर्घटना की भी संभावना बढ़ती है साथ ही सड़क एक तरफ नगर परिषद के कर्मचारी साफ करते हैं वहीं दूसरी तरफ तुरंत गंदी हो जाती है दुकान का सारा कचरा गंदा पानी वहीं पर फेंक कर चलता बनता है।

# नागौद विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन दिए निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 8 जनवरी, नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह ने गुरुवार को उचेहरा जनपद की ग्राम पंचायत पोड़ी गरादा ,ददरी, पिपरी कलां, अकहा में जनता दरबार लगा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुन कर उनका त्वरित निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।**



श्री सिंह ने आम जन को पर्याप्त पानी, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने के साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी मौके पर दी। उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ ग्रामीण जनों को आसानी से मिल सके इसका निर्देश दिया और कहा कि पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित नहीं हो ये गांव के सरपंच सचिव की जिम्मेदारी है। उन्होंने विकसित भारत जी राम जी द्वारा गांव के श्रमिकों को 125 की गारंटी सरकार ने ली है इसकी जानकारी दी।जगह जगह ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया और व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की जानकारी देकर उनका ध्यान आकृष्ट करवाया गया। अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। ग्राम पंचायत अकहा में मुख्य मार्ग से बांदी बाबा तक 2 किलो मीटर सड़क मार्ग का निरीक्षण किया जहां पर बारिश के मौसम में कीचड़ और दलदल हो जाता है।जिसको स्वीकृति दिलाकर शीघ्र बनाये जाने का निर्देश दिए।

# अमरपाटन को चेन्नई व जबलपुर को कोरबा ने हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 8 जनवरी, अमरपाटन के स्वर्गीय कप्तान लाल प्रताप सिंह स्टेडियम में तीसरे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच कोरबा और जबलपुर के के बीच हुआ जिसमे कोरबा ने एक तरफा खेल दिखाते हुए जबलपुर को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची वही दिन का दूसरा मैच अमरपाटन ओर चेन्नई के बीच खेला गया दोनों ही टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखी गई।**





पहले हाफ तक दोनों टीमों बराबरी पर रहा। मध्यान्तर के बाद खेल शुरुआत होने के कुछ मिनट में ही चेन्नई ने पहला गोल दागते हुए 1-0 की ब?त बनाई। लेकिन अमरपाटन के खिलाडियों ने बेहतर खेल दिखाते हुए मैच के अंतिम क्षण में गोल मारकर बराबरी पर मैच को ला दिया। खेल समाप्त होने तक दोनों टीम 1-1 की बराबरी पर रहीं। आखरी निर्णय पेनाल्टी शूट से हुआ जिसमें चेन्नई ने 4-1 से मैच अपने नाम कर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी।मैच में अतिथियों में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत पांडेय वा वरिष्ठ अधिवक्ता शुभकरण पटेल रहे इस दौरान आयोजन समिति सरंक्षक पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष वा अमरपाटन विधायक डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह समेत समिति सचिव रज्जन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।